CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 40 ◻ रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

डीजीपी अरुण देव गौतम की बस्तर में हाई-लेवल बैठक, 31 मार्च से पहले नक्सलियों पर निर्णायक प्रहार की रणनीति तय

जगदलपुर, 3 मार्च (हाईवे चैनल)। देश में नक्सलवाद के खात्मे की तय समयसीमा 31 मार्च नजदीक आते ही छत्तीसगढ़ पुलिस ने रणनीतिक दबाव बढ़ा दिया है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा के कारली पुलिस लाइन में बस्तर संभाग स्तर की हाई-लेवल बैठक आयोजित की गई, जहां जमीनी हालात के आधार पर ऑपरेशनों की री-डिजाइन पर फोकस रहा।

बैठक की अध्यक्षता डीजीपी अरुण देव गौतम ने की। चार घंटे चली समीक्षा में नक्सल विरोधी अभियानों की वर्तमान स्थिति, इंटेलिजेंस इनपुट, संवेदनशील

पुलिस ने रणनीतिक दबाव बढाया

इलाकों की पहचान और टार्गेटेड एक्शन प्लान पर निर्णय लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, अब प्राथमिकता फील्ड-आधारित कार्रवाई, त्वरित समन्वय और शेष प्रभाव वाले क्षेत्रों में कंसन्ट्रेटेड ऑपरेशन पर है। केंद्रीय बलों और जिला पुलिस के बीच रियल-टाइम कोऑर्डिनेशन को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि समीक्षा बैठक को बस्तर में रखने का उद्देश्य ग्राउंड रियलिटी को समझना और उसी अनुसार रणनीति तय करना है। साथ ही, नक्सलियों के लिए आत्मसमर्पण का विकल्प खुला बताते हुए कहा गया कि समय सीमित है सरेंडर करने वालों को पुनर्वास नीति के तहत सुरक्षित भविष्य मिलेगा। संकेत साफ हैं आने वाले दिनों में बस्तर में नक्सल विरोधी अभियान अधिक केंद्रित, तेज और निर्णायक रूप से आगे बढ़ेगा।

खामेनेई की हत्या पर चुप्पी भारत की विदेश नीति की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल : सोनिया गांधी

नई दिल्ली, 3 मार्च (न्यूज चैनल)। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर तीखा प्रहार किया है। सोनिया गांधी ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की लक्षित हत्या पर भारत सरकार के मौन को जिम्मेदारी से पीछे हटना करार दिया है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने यह भी मांग की कि संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के टूटने पर सरकार की ''चिंताजनक चुप्पी'' पर खुलकर और बिना किसी टालमटोल के चर्चा होनी चाहिए। अपने लेख में सोनिया गांधी ने कहा कि हमें नैतिक शक्ति को ''पुन: खोजने'' और उसे स्पष्टता व प्रतिबद्धता के साथ व्यक्त करने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''एक मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली हुसैनी खामेनेई की हत्या अमेरिका और इजराइल द्वारा एक दिन पहले किए गए लक्षित हमलों में कर दी गई थी। चल रही वार्ताओं के बीच एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की हत्या समकालीन अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक गंभीर दरार पैदा करती है।'' उन्होंने कहा कि फिर भी इस स्तब्ध कर देने वाली घटना से परे नयी दिल्ली की चुप्पी भी हैरान करने वाली है। सोनिया गांधी ने कहा कि भारत सरकार ने न तो हत्या और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा की है। सोनिया गांधी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब प्रधानमंत्री मोदी लगातार खाड़ी देशों और इजराइल के नेताओं के संपर्क में हैं। विपक्ष का आरोप है कि भारत का वर्तमान रुख केवल एक पक्ष की ओर झुका हुआ लग रहा है, जिससे पारंपरिक रूप से संतुलित रही भारत की विदेश नीति कमजोर हो रही है।



शुभकामनाएं

होली के अवसर पर विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, पाठकों एवं शुभचिंतकों को हमारी रंगभरी हार्दिक बधाई।

2 दिन छुट्टी

होली के अवसर पर 'हाईवे चैनल' कार्यालय में 4 व 5 मार्च को अवकाश रहेगा। अगला अंक 6 मार्च को मिलेगा। – संपादक

नारायणपुर में खनन परिवहन को लेकर चक्काजाम बीएसपी पर वादाखिलाफी का लगा आरोप

नारायणपुर, 3 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले में ट्रक यूनियन, स्थानीय जनप्रतिनिधि और खनन परिवहन से जुड़े सैकड़ों लोगों ने सड़कों पर उतरकर नारायणपुरङ्कअंतागढ़ मुख्य मार्ग पर जोरदार चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के चलते घंटों तक यातायात पूरी तरह ठप रहा, यात्री बसें और अन्य वाहन जाम में फंसे रहे। खनन परिवहन पर लगाए गए प्रतिबंध और बढ़ती लागत के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने सीधे तौर पर भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि खनन तो लगातार जारी है, लेकिन परिवहन व्यवस्था को लेकर कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जा रहा। दरअसल नारायणपुर जिले के खोड़ागांव-अंजरेल क्षेत्र में बीएसपी की लौह अयस्क खदान संचालित है। यहां से निकला लौह अयस्क ट्रकों के जरिए नारायणपुर से अंतागढ़ तक करीब 50 किलोमीटर ले जाया जाता था। ट्रक मालिकों का कहना है कि मार्ग सिंगल लेन होने का हवाला देकर प्रशासन ने माइंस से जुड़े भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। इसके बाद ट्रकों को कोंडागांव होकर लंबा चक्कर लगाने को मजबूर किया जा रहा है, जिससे दूरी बढ़कर लगभग

250 किलोमीटर हो गई है।

ट्रक संचालकों के अनुसार लंबा रूट अपनाने से डीजल खर्च, समय और श्रम लागत कई गुना बढ़ गई है। इससे परिवहन व्यवसाय आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है, लेकिन न तो बीएसपी और न ही प्रशासन कोई ठोस पहल कर रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि नारायणपुर शहर से दिन में ट्रकों की आवाजाही पर रोक है और केवल रात में ही अनुमति दी गई है। इससे ड्राइवरों को दिनभर इंतजार करना पड़ता है और रात में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे दुर्घटना और सुरक्षा का खतरा बढ़ गया है। नारायणपुर से कोंडागांव तक ह॥ 130ष्ठ का निर्माण कार्य अभी अधूरा है। उड़ती धूल, खराब सड़क और सीमित दृश्यता के कारण आए दिन जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बन रही है। चालकों का कहना है कि धूल के गुबार में सड़क तक दिखाई नहीं देती। सूत्रों के मुताबिक बीएसपी माइंस से जुड़े करीब 250 ट्रक और निको कंपनी से जुड़े लगभग 600 ट्रक प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं। भारी वाहनों के इस दबाव ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है। चक्काजाम के बाद इलाके में खनन परिवहन, विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर बहस तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द हस्तक्षेप कर कोई स्थायी समाधान निकालेगा, ताकि आवागमन और आर्थिक गतिविधियां फिर से पटरी पर लौट सकें।

अमेरिका ने कुवैत-सऊदी में बंद किए दूतावास ईरान का यूएस सैन्य ठिकानों पर हमला जारी

पश्चिम एशिया की जमीन इन दिनों बारूद की गंध से भरी है। इस्राइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जारी सैन्य हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई का आज चौथा दिन है। दोनों देशों की संयुक्त बमबारी तेज हो गई है और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि यह अभियान चार-पांच हफ्ते तक चल सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बहरीन और जॉर्डन में गैर-आपातकालीन कर्मियों और उनके परिवारों को निकालने का आदेश दिया। विदेश विभाग की ऑनलाइन घोषणा में कहा गया है कि यह निर्णय सुरक्षा जोखिमों के कारण लिया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरान के साथ चल रहे युद्ध के मद्देनजर मध्य पूर्व में रहने वाले अमेरिकियों से वहां से चले जाने का आग्रह किया है। सऊदी अरब में अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को ईरानी ड्रोन हमले की बात स्वीकार की है और अमेरिकियों से फिलहाल इस राजनयिक दूतावास से दूर रहने का आग्रह किया है। कतर की एयरलाइन ने कहा कि देश का एयरस्पेस बंद होने की वजह से उड़ान अभियानकुछ समय के लिए निलंबित है। बयान में कहा- कतर सिविल एविएशन अथॉरिटी के कतर के एयरस्पेस को सुरक्षित रूप से फिर से खोलने की घोषणा करने के बाद कतर एयरवेज ऑपरेशन फिर से शुरू कर देगी। हिज्बुल्ला के हमलों के बाद आईडीएफ ने एक्स पोस्ट में बताया कि इस्राइली सैनिक दक्षिणी लेबनान में बॉर्डर एरिया के पास कई जगहों पर तैनात हैं, ताकि वे बेहतर रक्षा रणनीति के तहत स्थिति बना सकें। पोस्ट में बताया गया कि सेना हिज्बुल्ला के उग्रवादी इंफ्रास्ट्रक्चर पर लक्षित हमले कर रहे हैं।

खामनेई की पत्नी मंसूरे खोजस्ते की भी मौत, 171 छात्र भी मरे

मध्य पूर्व में जारी भीषण युद्ध के बीच ईरान से दो बड़ी और विचलित करने वाली खबरें सामने आई हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि देश के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की पत्नी मंसूरे खोजस्ते का निधन हो गया है। मध्य पूर्व में जारी भीषण युद्ध के बीच ईरान से दो बड़ी और विचलित करने वाली खबरें सामने आई हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि देश के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की पत्नी मंसूरे खोजस्ते का निधन हो गया है। वहीं, दूसरी ओर मानवाधिकार समूहों ने दावा किया है कि पिछले 48 घंटों में हुए हवाई हमलों में 170 से अधिक छात्रों की जान चली गई है।

इसके अलावा, ईरान के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के समूह ने शिक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि इजराइल-अमेरिका के हमलों में ईरान में बीते 48 घंटे में 171 विद्यार्थियों की मौत हुई है। 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी' के अनुसार मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मिनाब में स्थित शजारेह तैयबा कन्या प्राथमिक विद्यालय पर हुए घातक हमले में 168 विद्यार्थियों की जान चली गई जबकि 95 अन्य घायल हो गए। इसके अलावा तेहरान में दो और काजविन के अबियेक में नौ साल के बच्चे की मौत हो गई।

बिना इंडिकेटर खड़ी हाईवा बनी काल, चालक की दर्दनाक मौत

बिलासपुर, 3 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया है, यहां एनएच में खड़े हाईवा से तेज रफ्तार ट्रक जा टकराया. इस हादसे से ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव थाना चिचोला के ग्राम रामपुर निवासी हरिशचंद्र पटेल 28 फरवरी को ट्रक में माल लोड करके अंबिकापुर से रायपुर के लिए निकला था. 1 मार्च की रात 1.30 बजे

हरिशचंद्र रायपुर-बिलासपुर एनएच 130 के पेंड्रीडीह-रतनपुर बाइपास की ओर जा रहा था. तभी ग्राम अमसेना के पास बीच सड़क पर हाईवा खड़ा था. इसी दौरान ट्रक और हाइवा से जा भिड़ी. टक्कर इतना जबरदस्त था कि ट्रक के सामने का हिस्सा चकनाचुर हो गया. चालक हरिशचंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही हिर्री पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतक चालक के शव को बाहर निकाला।

ब्रेकिंग न्यूज

लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर नकेल, भारी मात्रा में हथियार बरामद

नई दिल्ली, 3 मार्च (न्यूज चैनल)। राजस्थान पुलिस ने प्रदेश से गैंगस्टर कल्चर को जड़ से खत्म करने के लिए लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। एक सोची-समझी रणनीति के तहत 19 जिलों में एक साथ छापेमारी कर पुलिस ने 214 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

सीमा पार से घुसपैठ की फिराक में जैश आतंकवादियों के दो गुट

नई दिल्ली, 3 मार्च (न्यूज चैनल)।पाकिस्तान जम्मू संभाग में जैश आतंकियों के दो गुटों की घुसपैठ कराने की फिराक में है। सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट के बाद भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षाबल सीमा पर कड़ी नजर रख रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है। खुफिया सूत्रों के अनुसार किश्तवाड़ में इस्राइल रूप के खात्मे, कठुआ और उधमपुर में आतंकियों के बड़े पैमाने पर सफाए से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। वह जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ाने के लिए हीरानगर सेक्टर से जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों की घुसपैठ कराने की साजिश रच रहा है और माकूल समय की तलाश में है।

डीएमके संग 32 सीटों की मांग पर फंसा पेंच, समयसीमा हो रही खत्म

नई दिल्ली, 3 मार्च (न्यूज चैनल)। तमिलनाडु में चुनावी तैयारियों के बीच कांग्रेस और डीएमके के गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग को लेकर पेंच फंसा हुआ है। इस बीच सत्तारूढ़ दल डीएमके और कांग्रेस पार्टी के बीच सीट बंटवारे की समय सीमा भी मंगलवार यानी आज समाप्त हो रही है, लेकिन अब तक किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई है। ऐसे हालात में डीएमके और कांग्रेस गठबंधन के भविष्य को लेकर अटकलें भी तेज हो गई हैं।

होली मिलन में बवाल, विवि के छात्र आपस में भिड़े

बिलासपुर, 3 मार्च (हाईवे चैनल)। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में ब्रदर हुड पैनल ने सोमवार को होली मिलन कार्यक्रम रंग बरसे 0.5 का आयोजन किया था। कार्यक्रम के दौरान कुछ छात्रों ने नशे में जमकर रंग-गुलाल उड़ाए और एक दूसरे के कपड़े फाड़े। इसके बाद अचानक एक दूसरे से मारपीट करने लगे। मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ है। यूनिवर्सिटी में एबीवीपी द्वारा होली पर आयोजित कार्यक्रम में हुई मारपीट की चर्चा खत्म नहीं हुई और दूसरी बार छात्र आपस में भिड़ गए। सोमवार को ब्रदरहुड पैनल ने छात्रों के लिए रंग बरसे 0.5 का आयोजन किया था। ऑडिटोरियम के सामने तेज आवाज में साउंड सिस्टम लगाकर छात्र जमकर रंग-गुलाल उड़ा रहे थे। छात्र-छात्राएं सभी आपस में डांस कर रहे थे। कुछ छात्र आपस में ही एक दूसरे के शर्ट तक फाड़ रहे थे। अबीर गुलाल के नशे के बीच अचानक कुछ छात्रों ने मारपीट शुरू कर दी।

असामाजिक तत्वों ने तोड़ी महात्मा गांधी की प्रतिमा, ग्रामीणों में आक्रोश

बलौदाबाजार, 3 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम करमदा में देर रात असामाजिक तत्वों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। शरारती तत्वों ने प्रतिमा का सिर तोड़कर अलग कर दूर फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। वहीं सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को आरोपियों की जल्द पहचान कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए समझाइश दी, जिसके बाद स्थिति को शांत कराया गया।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में एक ओर होलिका दहन का आयोजन चल रहा था, वहीं दूसरी ओर महात्मा गांधी की प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना ने शांत माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया। इस घटना ने त्योहार के दौरान पुलिस पेट्रोलिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस ने गांव में शांति व्यवस्था कायम कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई के बाद ही उनका आक्रोश पूरी तरह शांत होगा। खंडित प्रतिमा को सुरक्षित रखवा दिया गया है।

बहुत डरावना था, होटल के पास हो रहे थे धमाके

नई दिल्ली, 3 मार्च (न्यूज चैनल)। इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे विवाद की वजह से पिछले कुछ दिनों से हवाई सेवाओं में काफी दिक्कतें आ रही थीं। कई उड़ानें रद्द कर दी गई थीं जिससे यात्री अलग-अलग जगहों पर फंस गए थे। इसी बीच, अबू धाबी से पहली उड़ान बंगलूरू के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंड की, जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

अबू धाबी से लौटे भारतीयों ने सुनाई आपबीती

एक यात्री ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि वहां का हालात बहुत खौफनाक था। जब उनकी फ्लाइट रद्द हुई, तो एयरलाइन ने उन्हें एक होटल में ठहराया। यात्री के अनुसार, उस होटल के चारों ओर लगातार धमाके हो रहे थे। आसमान में मिसाइलों को नष्ट किया जा रहा था और वे हर तरफ से धमाकों की आवाजें सुन सकते थे। यात्रियों ने बताया कि वे वहां बहुत डरे हुए थे, लेकिन अब भारत वापस लौटकर बहुत खुश हैं। हालांकि अभी हालात गंभीर बने हुए हैं। वहां फंसे भारतीय छात्रों के लिए संकट की स्थिति बन हुई है। छात्रों की वतन वापसी के लिए भारत सरकार प्रयास में लगी हुई है। ईरान-भारत के बीच समन्वय के तहत वहां फंसे छात्रों को बिना किसी विशेष अनुमति के बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुंबई में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के कॉन्सुलेट जनरल सईद रेजा मोसायेब मोतलाग ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि ईरान ने भारत सरकार के साथ मिलकर भारतीय छात्रों को ईरान से निकालने के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर रही हैं।

युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को 7 साल की सजा

बिलासपुर, 3 मार्च (हाईवे चैनल)। शादी का झांसा देकर युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को 7 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मामले पर षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश मनीषा ठाकुर की कोर्ट में सुनवाई हुई। पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सुलौनी में 28 मार्च 2024 को 19 वर्षीय युवती ने चूहा मार दवा खाकर खुदकुशी कर ली थी।

पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी गोलू उर्फ रामकुमार उर्फ अनिल दिवाकर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। युवती के परिजनों ने दोनों को साथ देख लिया और आरोपी को शादी करने के लिए कहा। आरोपी ने साफ इनकार कर दिया। सामाजिक बदनामी और प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने आत्महत्या कर ली। कोर्ट ने पाया कि आरोपी पहले से विवाहित होने के बावजूद मृतका को गुमराह कर रहा था और अंत में उसे बेसहारा छोड़ दिया। यह आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने आरोपी को आईपीसी की धारा 306 के तहत दोषी करार देते हुए 7 साल कैद और 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

चूहा- सुनती हो, इस बार होली में ही ग्रहम लग गया है..!

चुहिया- हां जी, गुलाल की जगह काला धुआं दिख रहा है।